आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 18.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण लागू करने वाला संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका।
- विश्व बैंक बोर्ड ने प्रदेश के 14 राजमार्गों के आधुनिकीकरण के लिए 2 हजार 25 करोड़ रूपये के ऋण को मंजूरी दी है।
- प्रदेश में चल रहे तेज गर्मी के दौर के बीच मौसम में बदलाव–पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई।
- विश्व धरोहर दिवस आज–प्रदेश में स्मारको और संग्रहालयों में सैलानियों को निशुल्क प्रवेश की सौगात।

........................

लोकसभा में कल (एक सौ इकतीसवां संविधान संशोधन) विधेयक पारित नहीं हो सका। इस विधेयक में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित रखने का प्रावधान था। विधेयक के पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 मत डाले गये। विधेयक पारित होने के लिए दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता थी। इस विधेयक के पारित नहीं होने के कारण परिसीमन विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून–संशोधन विधेयक, 2026 सहित अन्य दो विधेयकों को पारित करने के लिए पेश नहीं किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधेयक पारित नहीं होने की घोषणा की।

........................

विधेयक पारित नहीं होने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष ने इस विधेयक का समर्थन नहीं करके ऐतिहासिक अवसर गंवा दिया है।

........................

विश्व बैंक बोर्ड ने प्रदेश के राजमार्गों के आधुनिकीकरण के लिए 2025 करोड़ के ऋण को मंजूरी दी है। इससे 14 हाईवे को मजबूत बनाया जायेगा। कल मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने जयपुर में राजस्थान हाईवेज मॉर्डनाइजेशन प्रोजेक्ट–आरएचएमपी की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही करीब 926 किलोमीटर लम्बे इन राजमार्गो के उन्नयन का काम किया जायेगा। परियोजना में इंटेलीजेन्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम आई टी एस लागू किया जायेगा, जिससे सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। इन परियोजनाओं से यात्रा का समय घटेगा और सड़क हादसो में कमी आयेगी। साथ ही इस प्रोजेक्ट में ईवी चार्जिंग अवसंरचना और वृक्षारोपण को बढावा दिया जायेगा।

........................

प्रदेश के विद्यालयों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 2000 करोड़ रूपये की राशि से विद्यालय आधारभूत संरचना कोष बनाया जायेगा। संसदीय कार्य मंत्री **जोगाराम** पटेल ने कल जोधपुर में ये जानकारी दी। श्री पटेल बोरानाडा में सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानों के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत व्यवसायिक शिक्षा को बढावा देने के लिए 51 करोड रूपये से अधिक की राशि खर्च कर 500 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा शुरू की जायेगी। हर जिले के एक विद्यालय को उन्नत व्यावसायिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा के अनुरूप राजपहल कार्यक्रम के तहत हर जिले में स्कूल ऑन व्हील्स स्थापित किये जायेंगे। साथ ही एक हजार करोड रूपये की लागत से 400 विद्यालयों को सीएम राइज स्कूलों में क्रमोन्नत किया जायेगा।

........................

राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2026 आयोजित की जा रही है। परीक्षा का आयोजन एक पारी में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। ग्यारह सौ पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा के लिए सुरक्षा के कडे इंतजाम किए गए है। वहीं राजस्थान उच्च

न्यायालय ने आरपीएससी की ओर से कल आयोजित होने वाली वेटरनरी ऑफिसर भर्ती 2025 परीक्षा की तारीख में बदलाव से इनकार कर दिया है। जस्टिस इंन्द्रजीत सिंह और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खण्डपीठ ने ये आदेश नरेन्द्र कुमार और अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। वहीं राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से ली गई राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवायें संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2024 के साक्षात्कार के परिणाम आज जारी जाये जायेंगे। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि एक हजार 96 पदों के लिए हुई इस परीक्षा के साक्षात्कार कल सम्पन्न हुए।

........................

जयपुर में सीवर टैंक में जहरीली गैस से कल दो सफाईकर्मियों की मृत्यु हो गई। ये दुर्घटना करधनी क्षेत्र में हुई थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि हादसा सीवरेज टैंक की सफाई के दौरान हुआ, जहां दम घुटने से इनकी तबियत बिगड गई इन्हें तुरंत कांवटिया अस्पताल पंहुचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने घटना पर दुख जताते हुए जांच करवाने की बात कही है।

........................

प्रदेश में चल रहे तेज गर्मी के दौर के बीच कल मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। वहीं हनुमानगढ जिले के नोहर में दोपहर बाद ओले भी गिरे। सीकर, चूरू, श्रीगंगानगर और पिलानी सहित कई इलाकों में देर रात हल्की बरसात का दौर चला। चूरू के राजगढ क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। अलवर, कोटपूतली–बहरोड, दौसा और जयपुर सहित आस पास के क्षेत्रों में तेज रफ्तार हवायें चली। आंधी बारिश और बादलो की आवाजाही के कारण कई जगह दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में बढोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आई है। हालांकि न्यूनतम तापमान में 7 डिग्री तक की बढोतरी देखी गई है। कल 16 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। वहीं 15 शहरों मे रात का तापमान 25 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में फिर से बढोतरी के आसार है जिससे गर्मी के तेवर दोबार तीखे हो सकते है।

........................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल से राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले की शुरूआत हुई। सहकारिता विभाग और कॉन्फेड की ओर से लगाये जा रहे इस मेले का उद्घाटन सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने किया। मेले में आमलोगों को विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध शुद्ध मसाले और अन्य उत्पाद उचित दर पर उपलब्ध होते है।

मीडिया से बातचीत में श्री दक ने कहा कि ये मसाला मेला सहकारिता से जुडे लोगों के साथ ही आमजन के लिए भी महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने बताया कि मसाला मेले अब जिलास्तर पर भी लगाये जायेंगे।

........................

आज विश्व धरोहर दिवस है। इस अवसर पर 37 वें अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विश्व के 17 देशों के प्रतिभागी आज राज्य विधानसभा का अवलोकन करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष  वासुदेव देवनानी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बांग्लादेश, भूटान, घाना, केन्या और श्रीलंका, सहित विभिन्न देशों के 43 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। श्री देवनानी ने बताया कि लोकसभा सचिवालय की ओर से **इन्टरनेशनल लेजिस्लेटिव ड्रॅाफ्टिंग** विषय पर विधायी मसौदा तैयार करने के लिए ये प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को राज्य विधानमंडल की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया और संसदीय परंपराओं की जानकारी दी जाएगी। विश्व विरासत दिवस के अवसर पर आज पुरातत्व और संग्रहालय विभाग की ओर से प्रदेशभर के स्मारकों, एतिहासिक स्थलों और संग्रहालयों में पर्यटकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा। राजसमंद से हमारे संवाददाता ने बताया कि विश्व विरासत दिवस के मौके पर कुम्भलगढ दुर्ग परिसर में कला प्रदर्शनी लगायी गई।

........................